# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, तल–5, ब्लॉक–5, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,
ओटीएस पुलिया के सामने, जयपुर–302017

दूरभाष : 0141–5192265, 5192261 E-mail: modelschoolest@gmail.com


क्रमांक : रा.स्कू.शि.प./जय/मॉडल स्कूल–संचालन/योगा ओलंपियाड–259/पार्ट–1/ दिनांक : As per Rajkaj

## योगा ओलंपियाड प्रतियोगिता दिशा–निर्देश: सत्र 2025–26

स्वास्थ्य, कल्याण, मित्र भाव, शांति, आनन्द और व्यापक सकारात्मक वातावरण एवं आध्यात्मिकता बनाने के लिए योग का महत्त्व है। योग सभी प्रकार की शारीरिक, मानसिक बीमारियों एवं समस्त व्याधियों से निपटने के लिए सशक्त औषधिरहित प्रणाली और एक प्रभावी निवारक उपाय है। योग हमारी सांस्कृतिक विरासत का एक अभिन्न अंग है एवं शारीरिक स्वस्थता, मानसिक सतर्कता और भावनात्मक संतुलन के लिए इसे किया जाता है। योग में विभिन्न आसन और मुद्राएँ हमारे पर्यावरण और समृद्ध जैव–विविधता के साथ निकट संबंध दर्शाते हैं। योग प्रदर्शन और अभ्यास सभी के मन में आनन्द और सकारात्मकता के साथ एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की लालसा जगाता है।

इसी दृष्टिकोण से योग के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता और समझ पैदा करने, मानवीय मूल्यों को मजबूत करने, स्वस्थ मनोवृत्ति बनाये रखने के लिए योगा ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है।

मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पीएबी–2025–26 में योगा ओलंपियाड प्रतियोगिता हेतु कुल राशि 45.738 लाख स्वीकृत किये गये है। इस प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय, जिला व राज्य स्तर पर किया जायेगा। विभिन्न स्तरों पर करवायी जाने वाली इस प्रतियोगिता हेतु दिशा–निर्देश निम्न प्रकार है :–

**उद्देश्य :**

1. यौगिक पद्धतियों के संबंध में जागरूकता उत्पन्न करना और बच्चों को प्रेरित करना।
2. विभिन्न आसनों के लाभ और शारीरिक और मानसिक रोगों के उपचार में निवारक उपाय की समझ विकसित करना।
3. सम्पूर्ण स्वास्थ्य और कल्याण के लिए नियमित रूप से आसनों का अभ्यास करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करना एवं जीवन में योग को सदैव अपनी दिनचर्या में शामिल करने हेतु प्रेरित करना।
4. मानव मूल्य स्थापित करना।
5. एकाग्रता एवं संतुलन के माध्यम से आध्यात्मिक पहलू को उजागर करना।

**सहभागिता :**

समस्त राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय **(महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल)** एवं **कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय** के कक्षा 6 से 12 के विद्यार्थी योगा ओलम्पियाड में सहभागिता कर पायेंगे।

## योगा ओलंपियाड नियम व शर्ते :

1. **वर्ग** :- योगा ओलंपियाड प्रतियोगिता बालक व बालिका वर्ग के लिए आयोजित की जायेगी, जिसके लिए 2 आयु वर्ग निम्नानुसार है :–

   (अ) जूनियर वर्ग (6 to 8th कक्षा/आयु 14 वर्ष से कम/01 जून 2010 से पूर्व)

   (ब) सीनियर वर्ग (9 to 12th कक्षा/आयु 19 वर्ष से कम/01 जून 2005 से पूर्व)

**योग प्रतियोगिता निम्न श्रेणियों में आयोजित की जायेगी :–**

(अ) आसन

(ब) प्राणायाम

(स) क्रिया

(द) बंध

**<u>योगा ओलंपियाड के संगठन का स्तर</u> :-**

- **विद्यालय स्तर:** यह योगा ओलंपियाड का पहला स्तर है जहां राजकीय अंग्रेजी माध्यम के स्कूल एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय अपनी प्रविष्टियां भेज सकते हैं, जिसमें जूनियर एवं सीनियर वर्ग के दो–दो प्रतियोगी भाग लेंगे।
- **जिला स्तर:** यह योगा ओलंपियाड का दूसरा स्तर है जहां केवल विद्यालय स्तर के विजेता प्रत्येक विद्यालय की चयन सूची के आधार पर भाग लेंगे।
- **राज्य स्तर:** यह योगा ओलंपियाड का तीसरा स्तर है जहां जिला स्तर के विजेता प्रत्येक जिले की चयन सूची के आधार पर ही भाग लेंगे।

**2.** <u>**भाषा**</u> :- अभिव्यक्ति एवं निर्देशों का माध्यम हिन्दी या अंग्रेजी रहेगा।

**3.** <u>**मूल्यांकन के लिए मापदंड**</u> :- मूल्यांकन मानदंडों के आधार पर, निर्णायक मण्डल द्वारा विभिन्न योग गतिविधियों के व्यावहारिक प्रदर्शन के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया जाएगा। केवल व्यावहारिक योग प्रथाओं के कार्य निष्पादन के विभिन्न पक्षों को ध्यान में रखते हुए अंकन पश्चात् निर्णायक कम्पाईल शीट के आधार पर ही निर्णय किया जायेगा।

**4.** <u>**निर्णायक मण्डल**</u> :- प्रत्येक स्तर पर एक निर्णायक मण्डल गठित होगा, जो आसन, प्राणयाम, क्रिया एवं बंध में विशेषज्ञता रखते हैं। निर्णायक मण्डल के सदस्य राज्य के विभिन्न संस्थानों जैसे स्कूलों, योग संस्थानों के शिक्षकों में से लिए जाएंगे जिसमें मुख्य निर्णायक अधिकारी और दो अधिकारी में एक स्कोरर और एक टाईम कीपर शामिल होंगे।

- निर्णायक पैनल प्रत्येक गतिविधि के लिए दिये गये अंकों को पृथक–पृथक स्कोर शीट पर लिखेंगें।
- स्कोरर ही स्वयं सहित निर्णायक पैनल के अंकों को कम्पाईल शीट कर गणना करेगा।
- टाईम कीपर स्टॉप वाच का उपयोग कर समय की गणना करेगा।
- जूनियर और सीनियर स्तर के छात्र एवं छात्राओं की टीमों का अलग से मूल्यांकन किया जाएगा।

**5.** <u>**निर्णयन**</u> :- निर्णायक मापदंड में आसन की शुरूआत, धारण और स्थाई होना शामिल होगा, तनाव या कम्पन की अभिव्यक्ति भी नोट की जायेगी। अंतिम मुद्रा को मुस्कराते हुए व सुखद अभिव्यक्ति के साथ स्वीकार किया जायेगा। निर्णयन अधिकारी द्वारा दिये जाने वाले अंकों का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र.सं | आसन के अंकों का विवरण | अंक |
|---|---|---|
| 1. | आसन मुद्रा (पैटर्न) | 3 अंक |
| 2 | अंतिम मुद्रा | 5 अंक |
| 3 | प्रस्तुति | 2 अंक |
| | **कुल** | **10 अंक** |

**6.** <u>**अंकन**</u> :- एक दल को अधिकतम 100 अंक दिये जायेंगे अर्थात निर्णायक मण्डल की कम्पाईल शीट के आधार पर प्रत्येग वर्ग का 300 अंकों से विद्यालय का अंकन किया जायेगा। इस प्रकार प्रत्येक विद्यालय के चार दलों के आधार पर 1200 अंक निर्धारित होंगे, जिसमें ऐथलेटिक आसन के 60 अंकों में प्रत्येक आसन को 10 अंकों में से आंका जायेगा। जूनियर और सीनियर छात्र–छात्रा वर्ग का अंकन इस प्रकार रहेगा :–

| वर्ग | आसन | प्राणायाम | क्रिया | बंध | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| जूनियर | 60 अंक | 20 अंक | 20 अंक | — | 100 अंक |
| सीनियर | 60 अंक | 20 अंक | 10 अंक | 10 अंक | 100 अंक |

7. <u>समान अंक प्राप्त होने पर :</u>

- समान अंक वाले प्रतियोगियों के लिए निर्णायक मण्डल द्वारा दिये गये कुल अंक, विजेता का निर्णय करेगा।
- यदि फिर भी अंक समान है तो ऐच्छिक आसन में अधिक अंक प्राप्त करने वाले को विजेता घोषित किया जायेगा।
- यदि फिर भी अंक समान है तो 'ग्रुप ए' में प्राप्त अंक के आधार पर विजेता घोषित होगा।
- यदि फिर भी समान अंक वाले एक से ज्यादा प्रतियोगी है, तो उन्हें संयुक्त विजेता घोषित किया जायेगा।

8. <u>ड्रेस कोड :-</u> आसन करते समय ट्रैक सूट की अनुमति नहीं होगी। योग गतिविधि के समय टी–शर्ट, स्लैक्स, शार्टस एवं लोअर का उपयोग किया जा सकता है।

9. <u>योग प्रदर्शन के अवसर</u> :- अनिवार्य आसन के लिए केवल एक अवसर होगा, जबकि ऐच्छिक आसन, प्राणायाम, क्रिया और बंध के लिए तीन अवसर दिये जायेंगे। तीन अवसरों में से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की गणना की जायेगी। प्रतियोगी द्वारा एक बार चयन करने के बाद कोई आसन नहीं बदला जायेगा।

10. <u>आसन की प्रदर्शन अवधि</u> :- यदि आवश्यक हो तो आयोजक आसन के लिए समय सीमा कम कर सकते हैं जैसे–किसी आसन की समय सीमा को 2 मिनट से घटाकर 1 मिनट किया जा सकता है। यदि ऐसा कोई परिवर्तन किया जाता है, तो वह सभी प्रतिभागियों पर लागू होगा। किसी भी परिस्थिति में अतिरिक्त समय–सीमा नहीं बढ़ाई जायेगी।

11. <u>व्यक्तिगत प्रतियोगिता :-</u> व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा में विजेता को 5 अंक, उप विजेता को 3 अंक और द्वितीय उप विजेता को 2 अंक मिलेंगे और प्रथम राउंड आसन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले को योगा ओलम्पियाड प्रतिस्पर्धा के लिए **सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी** के रूप में चयनित किया जायेगा जो कि 90 अंकों के आधार पर होगा।

12. <u>दलीय प्रतियोगिता :-</u> टीम प्रतिस्पर्धा में विजेता को 10 अंक, उप विजेता को 6 अंक और द्वितीय उप विजेता को 4 अंक मिलेंगे। प्रत्येक वर्ग के अन्तर्गत टीम प्रतिस्पर्धा में विद्यालय को 300 अंकों में से निर्धारण किया जायेगा।

13. <u>बैस्ट ऑफ बेस्ट चैम्पियनशिप :–</u> प्रत्येक आयु वर्ग से एक प्रतिभागी ही बैस्ट ऑफ बैस्ट प्रतियोगिता में भाग लेगा और पेनल के निर्देशानुसार निम्नलिखित तीन एडवांस आसन करने होंगे। विजेता को पांच अंक, उप विजेता को 3 अंक, द्वितीय उप विजेता को 2 अंक दिये जायेंगे। अर्थात कुल 24 अंकों में से **निर्धारण किया जायेगा।**

**एडवांस आसन का अंकन एवं वर्गीकरण :-**

| क्र.सं. | मापदण्ड | उदाहरण | अंक |
|---|---|---|---|
| (अ) | पंजों और कमर के बल संतुलन एवं लचीलापन | वृश्चिक आसन | 10 |
| (ब) | केवल लचीलेपन के साथ आसन | डिम्बासन | 8 |
| (स) | अन्य आसन | गरूड़ासन<br>वत्यानासन | 6 |

- अधिकतम अंक वाले विद्यालय को **योगा ओलम्पियाड चैम्पियनशिप स्कूल** घोषित किया जायेगा इसके लिए योगा ओलम्पियाड चैम्पियनशिप स्कूल कम्पाईल शीट का उपयोग किया जायेगा, जो कि परिणाम सूची के आधार पर ही तय होगा।

14. **<u>जन्म तिथि एवं योग्यता</u>** :– जन्म तिथि, पात्रता और प्रोटेस्ट नोट के नियम SGFI (School Games Federation of India) के नियमों और मापदंडों के अनुसार होंगे।

15. **<u>योग्यता प्रवेश फार्म :–</u>** सभी प्रतिभागियों को पात्रता फॉर्म भरना होगा और इसके साथ गत वर्ष की अंकतालिका और जन्म तिथि प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं विद्यालय आईडी कार्ड प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य होगा।

16. **<u>योगा ओलम्पियाड में पुरस्कार/सम्मान</u>** :- योग्यता और भागीदारी प्रमाण पत्र के साथ मैडल व शील्ड प्रत्येक स्तर पर प्रदान किए जाएंगे।

| क्र.सं. | प्रतियोगिता | मैडल | | |
|---|---|---|---|---|
| | | गोल्ड | सिल्वर | ब्रान्ज |
| 1 | दलीय प्रतियोगिता | 2 | 2 | 2 |
| 2 | व्यक्तिगत प्रतियोगिता | 1 | 1 | 1 |
| 3 | बेस्ट ऑफ बैस्ट प्रतियोगिता | 1 | 1 | 1 |
| | **कुल मेडल** | **4** | **4** | **4** |

| क्र.सं. | प्रतियोगिता | ट्राफी | | |
|---|---|---|---|---|
| | | बड़ी | मध्यम | छोटी |
| 1 | दलीय प्रतियोगिता | 1 | 1 | 1 |
| 2 | व्यक्तिगत प्रतियोगिता | 1 | 1 | 1 |
| 3 | बेस्ट ऑफ बैस्ट प्रतियोगिता | 1 | 1 | 1 |
| | **कुल ट्राफी** | **3** | **3** | **3** |

इसी प्रकार उपरोक्त मैडल एवं ट्राफी प्रत्येक जूनियर एवं सीनियर वर्ग छात्र–छात्राओं के लिए पृथक–पृथक रहेगी। इसके अतिरिक्त एक मुख्य ट्रॉफी जो योग ओलम्पियाड चैम्पियनशिप स्कूल शील्ड सभी वर्गो में अधिकतम अंक पाने वाले विद्यालय को 'स्पेशल शील्ड' प्रदान की जायेगी एवं एक विशेष शील्ड व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को प्रदान की जायेगी।

17. **<u>मार्च पास्ट</u>** :– मार्च पास्ट में सभी को भाग लेना अनिवार्य है। सभी प्रतिभागी टीम अपनी स्कूल यूनिफॉर्म में मार्च पास्ट करेंगे।

18. **<u>सहभागिता शुल्क :–</u>** प्रत्येक श्रेणी के लिए प्रविष्टि/प्रवेश शुल्क, भोजन, आवागमन (परिवहन किराया), स्पोर्टस किट (ड्रेस कोड) और अन्य खर्चो के लिए व्यय प्रति खिलाड़ी के अनुसार स्थानीय विद्यालय के द्वारा स्वयं वहन किया जायेगा। रजिस्ट्रेशन शुल्क प्रविष्टि के साथ निर्धारित तिथि से पूर्व ही आयोजक के पास भिजवाया जायेगा।

19. **<u>दल के कुल सदस्य :-</u>** प्रत्येक वर्ग छात्र–छात्रा की एक टीम में अधिकतम 02 प्रतिभागी अनिवार्य रूप से शामिल होंगे। टीम में एक प्रतिभागी होने पर प्रतियोगिता के लिए पात्र नहीं माना जायेगा एवं प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पायेगा। अर्थात एक विद्यालय से प्रत्येक दल के कुल 02 संभागी एवं सभी वर्गो से कुल 08 संभागी भाग लेने के लिए पात्र होंगे।

0. <u>जूनियर्स के लिए मूल्यांकन</u> :- जूनियर प्रतियोगिता में कुल 100 अंक होंगे। आसन के लिए 60 अंक होंगे, 20 अंक प्राणायाम के लिए और क्रिया के लिए 20 अंक, सूर्य नमस्कार वैकल्पिक होगा, सभी प्रतियोगियों द्वारा मंत्र जाप के साथ पूर्ण किया जायेगा। मूल्यांकन का विवरण निम्नानुसार है :–

**एथलेटिक आसन का मूल्यांकन :-**

कुल 06 आसन में से दोनों प्रतिभागियों को 03–03 आसन करने होंगे, जिसमें ग्रुप–ए से एक आसन व ग्रुप–बी से एक आसन निर्णायक मण्डल निश्चित करेगा तथा ग्रुप–सी में से एक ऐच्छिक आसन स्वयं प्रतिभागी चयन करेगा। प्रत्येक आसन का मूल्यांकन पैटर्न, अंतिम मुद्रा एवं अनुग्रह प्रस्तुति के आधार पर किया जायेगा :–

| ग्रुप | | आसन | अवधि (मिनट में) |
|---|---|---|---|
| "अ" खडे होकर | 1 | ताड़ासन / वृक्षासन | 1 |
| | 2 | त्रिकोणासन / गरूड़ासन | 1 |
| "ब" बैठकर | 3 | पश्चिमोतासन / गोमुखासन | 1 |
| | 4 | अर्धमत्सयेन्द्रासन / सुप्त वज्रासन | 1 |
| "स" इस ग्रुप में से दो आसन प्रतिभागी द्वारा स्वयं चयन किये जायेंगे | 5 | धनुरासन / चक्रासन | 1 |
| | | भुजंगासन / हलासन | 1 |
| | | योगमुद्रासन / बंध पदमासन | 1 |
| | 6 | शलभासन / मकरासन | 1 |
| | | सेतुबंधासन / मत्यस्यासन | 1 |
| | | पवन मुक्तासन | 1 |

**प्राणायाम का मूल्यांकन**

नीचे दिए गये 3 प्राणायाम में से प्रतियोगिता से ठीक पहले एक प्राणायाम की घोषणा निर्णायक मण्डल द्वारा की जाएगी तथा एक प्राणायाम प्रतिभागी द्वारा चयन किया जाएगा। भ्रामरी अनुलोम विलोम, शीतकारी का प्रदर्शन निम्नानुसार मापदण्ड पर किया जायेगा :–

1. अनुलोम–विलोम
2. शीतकारी
3. भ्रामरी

**प्राणायाम के मूल्यांकन मानदंड**

| प्राणायाम का प्रकार | मुद्रा | श्वास क्रिया | प्रस्तुति | योग |
|---|---|---|---|---|
| | 06 अंक | 10 अंक | 04 अंक | 20 अंक |
| 1 | | | | |
| | | | कुल (20 अंक) | |

उपरोक्त मानदंड में श्वास क्रिया के 10 अंक निम्न श्वास अवधि मानदंड तालिका के अनुसार देय होंगे–

**श्वास अवधि मानदंड तालिका**

| क्र.सं. | समय (सैकण्ड में) | अंक |
|---|---|---|
| (अ) | 1–20 | 2 |
| (ब) | 20–40 | 4 |
| (स) | 40–60 | 6 |
| (द) | 60–80 | 8 |
| (य) | 80–100 | 10 |

**क्रिया का मूल्यांकन**

कुल 2 क्रियाओं में से किसी एक क्रिया को निम्नानुसार प्राणायाम करने वाले प्रतिभागी को छोड़कर दल के अन्य प्रतिभागी द्वारा किया जाएगा :

1. कपालभाती
2. अग्निसार

**तालिका 3 : क्रिया के मूल्यांकन मानदंड**

| क्रिया का नाम | मुद्रा | स्ट्रोक, स्ट्रेंथ एवं एजिलिटी | प्रस्तुति | योग |
|---|---|---|---|---|
| | 06 अंक | 10 अंक | 04 अंक | 20 अंक |
| कपालभाती / अग्निसार | | | | |
| | | | कुल (20 अंक) | |

1. **सीनियर्स के लिए मूल्यांकन :-** इसमें कुल 100 अंक होंगे, जिसमें 60 अंक आसन के, प्राणायाम के 20 अंक और क्रिया के 10 अंक तथा 10 अंक बंध के लिए होंगे। सूर्य नमस्कार वैकल्पिक होगा एवं सभी प्रतियोगियों द्वारा मंत्र जाप के साथ सम्पन्न किया जायेगा । मूल्यांकन का विवरण नीचे दिया गया है :–

**एथलेटिक आसन का मूल्यांकन :**

कुल 6 आसन में से दल के दोनों प्रतिभागियों को तीन–तीन आसन करने होंगे। प्रतियोगिता से ठीक पहले निर्णायक मण्डल द्वारा एक–एक आसन की घोषणा की जाएगी जबकि 01 ऐच्छिक आसन ग्रुप–सी में से प्रतिभागी स्वयं द्वारा चयन के अनुसार वैकल्पिक रहेगा। प्रत्येक आसन का मूल्यांकन विन्यास (पैटर्न), अंतिम मुद्रा और अनुग्रह व प्रस्तुति के आधार पर किया जाएगा :–

| ग्रुप | | आसन | अवधि (मिनट में) |
|---|---|---|---|
| "अ" खडे होकर | 1 | पादहस्तासन / त्रिकोणासन | 2 |
| | 2 | वृक्षासन / हस्तोतानासन | 2 |
| "ब" बैठकर | 3 | कुकुटासन / धनुरासन | 2 |
| | 4 | शशंकासन / बकरासन | 2 |
| "स" इस ग्रुप्स में से दो आसन प्रतिभागी द्वारा स्वयं चयन किये जायेंगे | 5 | सर्वांगासन / शीर्षासन | 2 |
| | | मयूरासन / कर्ण पीड़ासन | 2 |
| | 6 | शलभासन / नौकासन | 2 |
| | | गर्भासन / पूर्ण चक्रासन | 2 |
| | | तुलासन | 2 |

**प्राणायाम का मूल्यांकन :**

नीचे दिए गये 3 प्राणायाम में से प्रतियोगिता से ठीक पहले एक प्राणायाम की घोषणा निर्णायक मण्डल द्वारा की जाएगी तथा एक प्राणायाम प्रतिभागी द्वारा चयन किया जाएगा। भस्त्रिका अनुलोम विलोम, शीतली का प्रदर्शन निम्नानुसार मापदण्ड पर किया जायेगाः–

1. अनुलोम–विलोम
2. शीतली
3. भस्त्रिका

**प्राणायाम के मूल्यांकन मानदंड**

| प्राणायाम का नाम | मुद्रा | श्वास क्रिया | प्रस्तुति | योग |
|---|---|---|---|---|
| | 06 अंक | 10 अंक | 04 अंक | 20 अंक |
| 1 | | | | |
| | | | कुल (20 अंक) | |

उपरोक्त मानदंड में श्वास क्रिया के 10 अंक निम्न श्वास अवधि मानदंड तालिका के अनुसार देय होंगे–

**श्वास अवधि मानदंड तालिका**

| क्र.सं. | समय (सैकण्ड में) | अंक |
|---|---|---|
| (अ) | 1–20 | 2 |
| (ब) | 20–40 | 4 |
| (स) | 40–60 | 6 |
| (द) | 60–80 | 8 |
| (य) | 80–100 | 10 |

**क्रिया का मूल्यांकन :**

अग्निसार क्रिया को प्राणायाम करने वाले प्रतिभागी को छोडकर दल के अन्य प्रतिभागी द्वारा किया जायेगा, जिसका मानदण्ड इस प्रकार रहेगा :–

**क्रिया के मूल्यांकन मानदंड**

| क्रिया का नाम | मुद्रा | स्ट्रोक, स्ट्रेंथ एवं एजिलिटी | प्रस्तुति | योग |
|---|---|---|---|---|
| | 03 अंक | 05 अंक | 02 अंक | 10 अंक |
| अग्निसार क्रिया | | | | |
| | | | | |
| | | | कुल (10 अंक) | |

**बंध का मूल्यांकन :**

उड्डियान बंध नीचे दिए गए मानदंड अनुसार दल के किसी भी प्रतिभागी द्वारा किया जाएगा।

**बंध के मूल्यांकन मानदंड**

| बंध का नाम | आमाशय को घुमाने व रोकने की अवधि | प्रस्तुति | श्वास अंदर व बाहर लेने की कला | योग |
|---|---|---|---|---|
| | 03 अंक | 05 अंक | 02 अंक | 10 अंक |
| उडियान बंध | | | | |
| | | | कुल (10 अंक) | |

उपरोक्त में आमाशय रोकने की अवधि के 03 अंक का विवरण श्वास मानदंड तालिका के अनुसार लिया जा सकता है।

**❖ आयोजन संबंधी निर्देश :–**

1. योगा ओलम्पियाड प्रतियोगिता जिला स्तर एवं राज्य स्तर पर एक–एक दिवस में ही सम्पन्न करवानी अनिवार्य होगी।
2. निर्णायक मण्डल में योग्यताधारी योगा विशेषज्ञ को लिया जाना अनिवार्य रहेगा। दक्ष योगा प्रशिक्षक ही मुख्य निर्णायक रहेगा एवं टाइम कीपर व स्कोरर किसी भी विद्यालय के पीटीआई/व्याख्याता–शारीरिक शिक्षक को नियुक्त किया जा सकता है। इस प्रकार निर्णायक मण्डल में कुल तीन निर्णायक रहेंगे।
3. प्रति खिलाड़ी व्यय **SGFI (School Games Federation of India)** नियमानुसार ही संबंधित खिलाड़ी विद्यालय द्वारा देय होगा।
4. अतिरिक्त व्यय राशि होने की स्थिति में दानदाताओं एवं भामाशाओं का सहयोग लिया जाये।

❖ **योगा ओलम्पियाड़ के संबंध में प्रधानाचार्य के दायित्वः—**

1. विद्यालय स्तर पर योगा ओलम्पियाड़ हेतु पूर्व तैयारी सुनिश्चित करना।
2. विद्यार्थियों के लिये योगा सिखाने हेतु विज्ञ कार्मिक की उपलब्धता सुनिश्चित करना एवं छात्राओं हेतु महिला कार्मिकों की उपलब्धता को सुनिश्चित करना।
3. विद्यालय स्तर पर चयनित विद्यार्थियों की सूची जिला स्तरीय नोडल अधिकारी को उपलब्ध कराना।
4. प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु भामाशाहों का सहयोग लेना।

❖ **योगा ओलम्पियाड़ के संबंध में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक के दायित्वः—**

1. जिला स्तरीय योगा ओलम्पियाड़ प्रतियोगिता हेतु विद्यालय स्तर से प्राप्त विजेताओं की सूची समेकित करना एवं उक्त सूची के आधार पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करना।
2. दिशा—निर्देशों के अनुरूप प्रतियोगिता के संचालन हेतु आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्मिकों की नियुक्ति करना।
3. योगा ओलम्पियाड़ के सफल आयोजन हेतु भामाशाहों का सहयोग लेकर एवं राज्य स्तर से प्राप्त राशि का उपयोग करते हुए प्रतिभागियों हेतु जलपान, साज सज्जा, कुर्सी—टेबल, एवं पुरस्कार आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करना।
4. **प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले प्रतिभागियों की सूचना निम्नलिखित प्रपत्र में एवं प्रतिभागियों से प्राप्त प्रतियोगिता से संबंधित फीडबैक को राज्य कार्यालय को उपलब्ध कराना ताकि उक्त प्रतियोगिता की बेहतर मॉनिटरिंग की जा सके।**

| क्र. स. | विद्यालय का नाम | जिला स्तर पर विजेता प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी छात्र—छात्राओं के नाम | प्रतिभागियों का फीडबैक | संस्थाप्रधान/ प्रतिनिधि का फीडबैक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 |

❖ **राज्य स्तर पर योगा ओलम्पियाड आयोजन के सम्बन्ध में दायित्व :—**

1. योगा ओलम्पियाड प्रतियोगिता की राज्य, जिला एवं विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता की टाईम लाईन तय करना।
2. योगा ओलम्पियाड प्रतियोगिता के आयोजन हेतु स्थान व दिनांक का निर्धारण करना।
3. राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति करना।
4. राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए पर्यवेक्षक की नियुक्ति करना।
5. जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में किये गये व्यय की प्रबन्ध पोर्टल पर प्रविष्टि करवाना।